जानलेवा हमले के दोषी को उम्रकैद

■ बालक पर घर में घुसकर चाकू से किया था हमला ■ एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दोषी करार

नवभारत न्यूज
छतरपुर, 11 जुलाई. छतरपुर में 11 वर्षीय समर अहिरवार पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में शनिवार को विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) न्यायालय ने आरोपी अरबाज खान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.

न्यायालय ने एससी-एसटी एक्ट के तहत आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड, भारतीय दंड संहिता की धारा 307 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 25 हजार रुपये तथा धारा 450 में 7 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है.

अभियोजन के अनुसार, 15 मार्च 2024 की शाम समर अहिरवार अपनी बुआ शिक्षिका सुमन अहिरवार के अनगढ़ टौरिया स्थित घर में अकेला था. इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला आरोपी अरबाज खान कथित पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसा और समर के पेट, सीने, गर्दन और सिर पर कई चाकू से वार कर दिए. गंभीर रूप से घायल बालक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार हुआ.

थाना सिविल लाइन में हत्या के प्रयास, घर में घुसकर हमला करने तथा एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया. तत्कालीन सीएसपी अमन मिश्रा ने मामले की विवेचना की और जांच पूरी होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया.

विशेष लोक अभियोजक प्रवेश अहिरवार ने अभियोजन की ओर से प्रभावी पैरवी करते हुए सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य और गवाह न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए. साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई.

शादी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज
छतरपुर, 11 जुलाई. पुलिस ने शनिवार को शादी के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

मामले का खुलासा फरियादी दीपक चौरसिया (48) निवासी दूधनाथ कॉलोनी की शिकायत के बाद हुआ. उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को लवकुशनगर में उनकी कोर्ट मैरिज हुई थी, लेकिन इसके अगले ही दिन 7 तारीख की रात करीब 9:30 बजे दीपक अपने भाई को देखने जिला अस्पताल पहुंचे थे. इसी दौरान उनकी नवविवाहिता पत्नी मौका पाकर फरार हो गई. इसके बाद 9 जुलाई को थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई. पुलिस जांच में पता चला कि शादी की पूरी डील टीकमगढ़ जिले के बम्होरी निवासी बबलू उर्फ जयप्रकाश अहिरवार ने करीब 1.80 लाख रुपये में कराई थी.कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बबलू उर्फ जयप्रकाश अहिरवार, कमलेश पटेल उर्फ भगतजी, राजनारायण सिसोदिया, शंभू पटेल और रचना अनुरागी को गिरफ्तार कर लिया.

- महिला सहित पांच आरोपी गिरफ्तार
- कोर्ट मैरिज के अगले दिन फरार हुई दुल्हन

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी महिला रचना अनुरागी पहले दो शादियां कर चुकी थी और कथित रूप से लालच में तीसरी शादी की थी. उसके कब्जे से चार अलग-अलग आधार कार्ड और एक बुरखा भी बरामद किया गया है. पुलिस गिरोह से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि इस तरह की कितनी वारदातों को अंजाम दिया गया और इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं.मामले की विवेचना जारी है.

खेत की जुताई को लेकर खूनी संघर्ष

बक्सवाहा के तेरियामार गांव में दो पक्ष भिड़े, दो लोग घायल

नवभारत न्यूज
छतरपुर, 11 जुलाई. जिले के बक्सवाहा थाना क्षेत्र के ग्राम तेरियामार में खेत की जुताई को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक हो गया. घटना में दो लोग घायल हुए, जिनमें भानु यादव की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया. पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, फरियादी बट्टदेव प्रसाद यादव (67) ने

शिकायत में बताया कि 10 जुलाई को आरोपी उनके खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे. विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी, कुल्हाड़ी और पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे वह, उनके पुत्र भानु यादव और परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए. घायलों को पहले बक्सवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल भानु यादव को दमोह जिला अस्पताल और वहां से मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया. पुलिस ने नारायण यादव, शिवलाल यादव, सुभाष यादव, राजू यादव, सुखनंदन यादव और किशोरीलाल यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

बाड़ी लगाने के विवाद में हमला

नवभारत न्यूज
छतरपुर, 11 जुलाई. नगर क्षेत्र के ग्राम टुटका में खेत पर काम करने गए एक परिवार पर शुक्रवार शाम करीब 6 बजे कथित रूप से लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया. घटना में रामअवतार पटेल, उनके पिता प्ररागीलाल और मां सिंगार रानी घायल हो गए. तीनों को रात करीब 9 बजे 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया.

शनिवार सुबह घायल रामअवतार पटेल ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ खेत पहुंचे थे. वहां बालाजी पटेल अपनी पत्नी हरबाई और अन्य लोगों के साथ उनके खेत में बाड़ी लगा रहे थे. विरोध करने पर आरोपियों ने पहले उनके सिर पर हमला किया और फिर लाठी-

पति-पत्नी और पुत्र घायल

डंडों तथा कुल्हाड़ी से तीनों के साथ मारपीट कर दी. घटना के बाद घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है. पीड़ित परिवार ने बालाजी पटेल, उनकी पत्नी हरबाई सहित चार लोगों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है.

एक नजर में

एनटीसीपी प्लांट में सुरक्षाकर्मी पर हमला

छतरपुर. जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के बरेठी स्थित एनटीपीसी प्लांट में तैनात सुरक्षाकर्मी रमाकांत मिश्रा पर शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे कथित रूप से आधा दर्जन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया. हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पीड़ित रमाकांत मिश्रा ने शनिवार सुबह आरोप लगाया कि हमला पूर्व कर्मी के रिश्तेदारों ने किया. उन्होंने मारपीट करने के साथ उनका मोबाइल फोन और नकदी भी छीन ली. पीड़ित ने मामले में पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की जा रही है.घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

नौगांव में हुआ मत्स्य कृषक सम्मेलन

छतरपुर. राष्ट्रीय मछुआ दिवस के अवसर पर नौगांव स्थित मत्स्य विभाग के उपसंचालक सभाकक्ष में जिला स्तरीय मत्स्य कृषक सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मत्स्य पालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने और मत्स्य कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र मछुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक मन्नू लाल रैकवार रहे. अध्यक्षता प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी बी.एल. अहिरवार ने की. इस दौरान सहायक संचालक मत्स्य उद्योग कार्यालय के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं, आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों और शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी. सम्मेलन में जिले की विभिन्न मत्स्य सहकारी समितियों, स्व-सहायता समूहों और बड़ी संख्या में मत्स्य पालकों ने भाग लिया. प्रतिभागियों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और आजीविका सुदृढ़ करने का संकल्प लिया.

आधा दर्जन विद्यालयों में हो रही है लापरवाही

बच्चों को नहीं मिल रहा गुणवत्तापूर्ण भोजन

नवभारत न्यूज
चंदला, 11 जुलाई. मध्यान्ह भोजन योजना का उद्देश्य स्कूली बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है, लेकिन चंदला क्षेत्र के कई शासकीय स्कूलों में इस योजना के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं.

लवकुशनगर विकासखंड के चंदला संकुल अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला सिमरिया में बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है. सिद्धनाथ स्वसहायता समूह द्वारा लापरवाही की जा रही है. बच्चों को धमकाया जाता है, जिससे कोई भी बच्चा या टीचर सामने नहीं आ सकता. शासकीय प्राथमिक शाला हिम्मतपुर में लक्ष्मी स्वसहायता समूह द्वारा बच्चों को दिया जाने वाला भोजन बेहद बेस्वाद बताया जा रहा है. बच्चों का कहना है कि भोजन की गुणवत्ता अच्छी नहीं होने है.उन्हें मजबूरी में खाना पड़ता है.बछौन संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शिक्षा गारंटी शाला बजरंगपुर में 20 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं. छात्रों ने बताया कि भोजन नाम मात्र के लिए ही मिलता है. पेटभर भोजन नहीं मिलता है. इस मामले में रसोइया से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि एक माह के लिए 1 किलो रिफाइंड और एक सप्ताह के लिए 1 किलो आलू दिया जाता है. समूह वाले स्पष्ट बोलते हैं कि इतने में ही काम चलाना है.बच्चों का पेट भरे या न भरे, हमें कोई लेना-देना नहीं है. 20 बच्चों के लिए एक दिन में 150 ग्राम आलू और लगभग 75 ग्राम टमाटर दिया जाता है.



जांच करवाएंगे

इस मामले में गौरीहार एसडीएम विजय डहरिया से बात की तो उन्होंने कहा कि हम टीम भेज कर जांच करवाते हैं. कार्यवाही की जाएगी. लवकुशनगर एसडीएम आयुष जैन से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया. इसी मामले में लवकुशनगर जनपद सीईओ भारती ठाकुर से संपर्क किया लेकिन सीईओ ने फोन नहीं उठाया.

बछौन संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भुस्का में भी बच्चों ने बताया कि मेन्यू के अनुसार भोजन आज तक नहीं बना. बच्चों को दो रोटी से ज्यादा नहीं मिलतीं. बच्चों ने बताया कि आज तक खीर, पूड़ी, पराठा नहीं बना.

चले लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी, आधा दर्जन घायल

नवभारत न्यूज
छतरपुर, 11 जुलाई. जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के मड़रका गांव में बीते दिन पटेल और कुशवाहा परिवारों के बीच हुआ विवाद हिंसक संघर्ष में बदल गया.

तीन लोगों की हालत गंभीर

लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और ईंट-पत्थरों से हुई मारपीट में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए. तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है. घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत एक दिन पहले गाली-गलौज

और जान से मारने की धमकी को लेकर हुई थी. इस संबंध में अजय पटेल ने नौगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. शुक्रवार सुबह कुछ लोगों ने बाड़े में बंधी भैंसों को छोड़ दिया और दीवार तोड़ दी. विरोध करने पर श्यामलाल पटेल पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया.

शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे दरवेश पटेल, कामता पटेल, आकाश, राजपति, रामपाल और अजय पटेल भी मारपीट की चपेट में आ गए. इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर हिंसा हुई. सभी घायलों को पहले नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से श्यामलाल पटेल, दरवेश पटेल और कामता पटेल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया. दो घायलों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है.

जंगल में युवक की हत्या, नाले में मिला शव

नवभारत न्यूज
बिजावर, 11 जुलाई. छतरपुर जिले के बिजावर अनुभाग के अमरोनिया गांव के जंगल में एक युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. गुरुवार को आटा पिसाने निकला युवक रात तक घर नहीं लौटा. उसकी बाइक लावारिस हालत में मिलने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की.शुक्रवार रात अमरोनिया गांव से करीब दो किलोमीटर दूर जंगल के एक नाले में युवक का शव मिट्टी से दबा मिला. शव के ऊपर पत्थर रखे गए थे, जिससे हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने की आशंका जताई जा रही है.

महाराजपुर मुक्तिधाम में हुआ पौधारोपण

नवभारत न्यूज
छतरपुर, 11 जुलाई. कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाराजपुर नगर पालिका ने कुषमा स्थित मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया. मुख्य नगर

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पालिका अधिकारी शैलेंद्र चौहान ने स्वयं पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की और कर्मचारियों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया.

अभियान के दौरान मुक्तिधाम परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए. सीएमओ ने पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका के कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए,

ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रहकर विकसित हो सकें. इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक अशोक साहू, संदीप शर्मा, धर्मेंद्र रैकवार, देवेंद्र प्रजापति, सुनील चौरसिया, जित्तू चौरसिया सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई. कार्यक्रम के अंत में सीएमओ ने नागरिकों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की.

निरीक्षण | राजनगर में ठेकेदारों को नोटिस, समयसीमा में कार्य करने के निर्देश

अमृत 2.0 के अधूरे कार्यों पर प्रशासन की सख्ती

छतरपुर, 11 जुलाई.कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में हुई नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में नगर परिषद राजनगर अंतर्गत अमृत 2.0 योजना के तहत संचालित मधुबन वाटिका और धानेरा तालाब निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई गई.

कलेक्टर ने संबंधित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए. निर्देशों के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनंत श्रीवास्तव ने दोनों निर्माण एजेंसियों के ठेकेदारों को नगर परिषद कार्यालय बुलाकर कार्यों में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय पर कार्य पूरा नहीं होने पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार भुगतान में कटौती सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी. दोनों निर्माण एजेंसियों को कारण

बताओ नोटिस जारी किए गए. इसके बाद सीएमओ ने उपयंत्री श्रीकांत खरे के साथ मधुबन वाटिका और धानेरा तालाब का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की वास्तविक प्रगति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान ठेकेदारों को पर्याप्त श्रमिक और संसाधन लगाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए.

> मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा. निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी और प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी.

बारिश में मकान हटाने की कार्रवाई नहीं होगी

नवभारत न्यूज
छतरपुर, 11 जुलाई. केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत कुपी के समीप चल रहे धरना स्थल पर छतरपुर एवं पन्ना जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम पहुंची.

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की ओर से किए गए सर्वे एवं

धरनास्थल पर प्रशासन ने सुनीं समस्याएं

प्रशासन बोला—पात्र हितग्राहियों को मिल चुका लाभ

पुनर्वास संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी. प्रशासन ने बताया कि वर्तमान बारिश के मौसम को देखते हुए किसी भी प्रभावित परिवार का मकान हटाने की कार्रवाई नहीं की जाएगी. अधिकारियों ने कहा कि पहले



किए गए सर्वे के बाद ग्रामीणों की मांग पर दोबारा सर्वे भी कराया गया था. इसमें जो परिवार पात्र पाए गए, उन्हें शासन की निर्धारित नीति के अनुसार मुआवजा और अन्य लाभ स्वीकृत किए जा चुके हैं. संयुक्त टीम ने स्पष्ट किया कि शासन के नियमों के अनुरूप जो लोग पात्र नहीं पाए गए हैं, उन्हें नियमानुसार किसी प्रकार का लाभ स्वीकृत नहीं किया जा सकता. अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वे भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए संबंधित सक्षम अधिकारियों से संपर्क करें.धरना स्थल पर अजयगढ़ तहसीलदार सुरेंद्र अहिरवार, सटई तहसीलदार इंद्रकुमार गौतम तथा नायब तहसीलदार बिजावर मंडल देवरा ओमप्रकाश अहिरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन के साथ संवाद जारी रखने की अपील की.